पेज थ्री
देहरादून
हमारा दून
देहरादून, मंगलवार 17 दिसंबर, 2019




दून हाट में लगे स्टॉल में अपने उत्पाद दिखाते कारीगर।

## संक्षिप्त समाचार

### दून में 30 मकान मालिकों का हुआ चालान

**संवाददाता** देहरादून। एसएसपी अरुण मोहन जोशी के निर्देश पर बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन को चलाये अभियान में नेहरू कॉलोनी एवं रायवाला क्षेत्र में पुलिस ने 30 मकान मालिकों का तीन लाख के कोर्ट चालान किये गये। चालान एसपी सिटी श्वेता चौबे के दिशा निर्देश में चले अभियान में थाना नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाकर लगभग 80 घरों की सत्यापन की कार्रवाई की गई। इनमें से 15 घरों के मकान मालिकों द्वारा अपने घरों में रह रहे किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया गया। जिनके खिलाफ धारा 83 पुलिस ऐक्ट के तहत 1.5 लाख की चालानी की गई।

### पुलिस ने पकड़ा ढाई करोड़ कीमत वाला दोमुंहा सांप, तीन लोग गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। सहसपुर इलाके में पुलिस ने दोमुंहा सांप पकड़ा है। इसके साथ पुलिस ने सपेरा जाति के तीन लोगों की भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबधित धाराओ में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने सूचना मिलने के बाद सहसपुर की धर्मावाला चौकी में तीन लोगों के पांस से दोमुंहा सांप पकड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सांप की कीमत ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। यह अतिदुर्लभ जाति का सांप बताया जा रहा है। पुलिस सांप के साथ आरोपियों को थाने ले आयी। जहां उनसे पूछताछ की गयी। पुलिस के अनुसार पकडे गए आरोपी इस दुर्लभ प्रजाति के सांप को बेचने की फिराक में थे।

### दूनवासियों की पहली पसंद अंगूरा के बने उत्पाद

**संवाददाता** देहरादून। आईटी पार्क में नवनिर्मित दून हाट जो हथकरघा और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए नावार्ड योजना के अन्तर्गत बनाया गया है। दून हाट का शुभारंभ 12 दिसंबर को मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा किया गया था। इसके साथ ही पांच दिवसीय उत्तराखण्ड हथकरघा और हस्तशिल्प के उत्पादों के स्टॉलों का भी शुभारंभ किया गया।

### पुलिस लगाएगी निःशुल्क मेडिकल कैंप, दिव्यांगों को दिए जाएंगे उपकरण

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड पुलिस पर्वतीय क्षेत्रों में रह रहे गरीब लोगों के लिए 20 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर के बीच हल्द्वानी में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाने जा रही है। जिसमें देश के जाने–माने डॉक्टर लोगों का उपचार करने पहुंचेंगे। इस दौरान दिव्यांगों को व्हील चेयर और वैशाखी आदि वितरित की जाएंगी। डीआईजी जगतराम जोशी ने बताया कि पुलिस एनआईवीएच संस्था के साथ मिलकर मेडिकल कैंप लगाने जा रही है।

# उत्तराखण्ड के 74 रणबांकुरों को वीरता पदक से नवाजा

**विजय दिवस**

मुख्यमंत्री ने विजय दिवस पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की

पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को सम्मानित भी किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को विजय दिवस के अवसर पर गांधी पार्क देहरादून में शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि 1971 के भारत–पाक युद्ध में भारत की तीनों सेनाओं के आपसी सामंजस्य से 95 हजार पाकिस्तानी सेना को 13 दिन के युद्ध के बाद घुटने टेकने को विवश कर दिया।



गांधी पार्क में शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएम।

इस युद्ध में उत्तराखण्ड के 248 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी, जबकि 78 सैनिक घायल हुए थे। उत्तराखण्ड के 74 रणबांकुरों को वीरता पदक से नवाजा गया। देश की आजादी के बाद देश की एकता और अखण्डता के लिए जो भी युद्ध हुए, उसमें उत्तराखण्ड की अहम भूमिका रही है। राष्ट्रवाद एवं पर्यावरण के प्रति उत्तराखण्ड के लोग काफी जागरूक हैं। अब तक एक परमवीर चक्र, 06 अशोक चक्र, 100 वीर चक्र एवं 1262 वीरता पदक उत्तराखण्ड के हिस्से में आये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि सैनिकों एवं उनके आश्रितों को हर सम्भव मदद दी जाय। राज्य सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों की पेंशन चार हजार से बढ़ाकर आठ हजार रूपये की। किसी अभियान में शहादत देने वाले सेना और अर्द्धसेना जवानों को उनकी योग्यता के अनुरूप राज्याधीन सेवाओं में नियुक्ति दी जा रही है।

शहीद जवानों के आश्रितों को योग्यतानुसार राज्याधीन सेवाओं में नियुक्ति देने वाला उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है। सैनिक परिवारों को गृह कर में पूरी छूट दी गई है। 25 लाख तक की सम्पति पर स्टाम्प ड्यूटी में 25 फीसदी की छूट दी गई है। लैंसडाउन केंट के लिए पेयजल के समाधान के लिए 33 करोड़ रूपये की स्वीकृति देकर पानी पहुंचाया गया।

रानीखेत में भी सेंटर में पेयजल के लिए स्वीकृति दी जा रही है। शहीद सैनिकों के बच्चों को कक्षा एक से आठ तक 06 हजार एवं 09वीं कक्षा से पोस्ट ग्रेजुएशन तक 10 हजार रूपये की छात्रवृत्ति राज्य सरकार दे रही है।

इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजानदास, वाइस एडमिरल एच. सी.एस बिष्ट, निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर के.बी.चन्द एवं पूर्व सैन्य अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।



विधायक निधि से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल।

### मंत्री सुबोध उनियाल ने विधायक निधि से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की

**संवाददाता** देहरादून। कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने विधान सभा सभागार में नरेन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मंत्री द्वारा विधायक निधि से क्षेत्र में कराये जा रहे कार्यों को त्वरित गति से सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये गये एवं यह सुनिश्चित किये जाने की अपेक्षा की गई कि इससे ग्रामीणों को शत–प्रतिशत लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त योजना एवं कार्यों के चयन में पारदर्शिता बरते जाने के भी निर्देश दिये गये। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं से परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए स्वीकृत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं रेन्डम चौंकिंग के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी टिहरी अभिषेक रोहिल्ला, विधायक प्रतिनिधि देवप्रयाग एवं फकोट महेन्द्र गुसांई, खण्ड विकास अधिकारी देवप्रयाग व चम्बा भी मौजूद थे।

### शातिर गैंगस्टर का बेटा भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शनों सहित गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। धर्मनगरी हरिद्वार में नशे के प्रतिबन्धित इन्जेक्शनों की सप्लाई करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने भारी मात्रा में नशीले इन्जेक्शनों व तस्करी में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का पिता व भाई भी शातिर नशा तस्कर है जिनके खिलाफ पूर्व में ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की जा चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूड़की कोतवाली पुलिस को बीते रोज सूचना मिली कि क्षेत्र में एक नशा तस्कर भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शनों की सप्लाई करने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र के सभी स्थानों पर चैकिंग अभियान चला दिया। कार चालक को हिरासत में लेकर जब कार की तलाशी ली गयी तो उसमें एक गत्ता पेटी में रखे 1000 नशीले इंजेक्शन बरामद किये गये।

## सचिवालय में स्थापित सोलर पैनल का लोकार्पण किया

**लोकार्पण**

■ 20 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफ टॉप विद्युत स्थापित

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को इंटीग्रेटेड पॉवर डेवलपमेंट स्कीम के तहत सचिवालय में स्थापित सोलर पैनल का लोकार्पण किया। सचिवालय परिसर में 10.40 लाख की लागत से कुल 20 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफ टॉप विद्युत स्थापित किया गया है। एकीकृत विद्युत विकास योजना के अन्तर्गत देहरादून तथा हरिद्वार के सरकारी भवनों पर 2765 किलोवाट की क्षमता के सोलर रूफ टॉप स्थापित किये जा रहे हैं। इस परियोजना की कुल लागत 17.90 करोड़ रूपये है।




सोलर पैनल का लोकार्पण करते सीएम।

सचिवालय परिसर में ग्रिड से विद्युत आपूर्ति हेतु 05 विद्युत संयोजन स्थापित हैं, जिनका कुल विद्युत भार 890 किलोवाट है एवं औसतन डेढ़ लाख यूनिट प्रतिमाह का उपभोग हो रहा है।

इस संयंत्र से दो माह में लगभग 04 हजार यूनिट का उत्पादन हुआ है, जिससे विद्युत मूल्य में लगभग 20 हजार रूपये की बचत हुई है। इस संयंत्र की लागत लगभग आठ वर्षों में वसूल हो जायेगी तथा अगले 17 वर्षों में इससे लगभग 20 लाख रूपये की बचत होगी।

सचिवालय परिसर स्थित अब्दुल कलाम भवन की क्षत पर स्थापित 09 किलोवाट का सोलर संयत्र भवन के कुल विद्युत उपभोग का लगभग 04 प्रतिशत विद्युत आपूर्ति करेगा।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव ऊर्जा राधिका झा एवं उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि. के अधिकारी उपस्थित रहे।

### समीक्षा की गई

**संवाददाता** देहरादून। रक्तकोशों की स्थिति एवं आमजन को रक्तकोशों से मिलने वाली सुविधाओं को लेकर राज्य रक्त संचरण परिशद के निदेशक डॉ. अर्जुन सिंह सेंगर की अध्यक्षता में समीक्षा की गयी।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।